हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–330 : जौनपुर, शनिवार 16 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मोरबी में 108 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण : पीएम मोदी बोले– हनुमान जी एक भारत, श्रेष्ठ भारत के अहम सूत्र

मोरबी. (एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर गुजरात के मोरबी में राम भक्त की 108 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हनुमान जी अपनी भक्ति से, अपने सेवाभाव से, सबको जोड़ते हैं। हर कोई हनुमान जी से प्रेरणा पाता है। इसलिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के भी हनुमान जी एक अहम सूत्र हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मूर्ति का अनावरण करते हुए कहा कि हनुमान वो शक्ति और संबल हैं जिन्होंने समस्त वनवासी प्रजातियों और वन बंधुओं को मान और सम्मान का अधिकार दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामकथा का आयोजन भी देश के अलग–अलग हिस्सों में किया जाता है। भाषा–बोली जो भी हो, लेकिन रामकथा की भावना सभी को जोड़ती है, प्रभु भक्ति के साथ एकाकार करती है। यही तो भारतीय आस्था की, हमारे आध्यात्म की, हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा की ताकत है। देश के चारों कोने में स्थापित हो रही मूर्ति पीएम मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि हनुमान जी की इस तरह की 108 फीट ऊंची प्रतिमा देश के अलग–अलग कोने में स्थापित की जा रही है। हम पिछले कई वर्षों से शिमला में हनुमान जी की प्रतिमा देख रहे हैं, आज मोरबी में दूसरी प्रतिमा स्थापित हुई है। दो अन्य मूर्तियों को दक्षिण में, रामेश्वरम और पश्चिम बंगाल में स्थापित करने का कार्य चल रहा है। सबका साथ, सबका प्रयास प्रभु राम की



जीवन लीला मोरबी में मोदी ने कहा कि सबका साथ, सबका प्रयास का उत्तम प्रमाण प्रभु राम की जीवन लीला भी है। जिसके हनुमानजी बहुत अहम सूत्र रहे हैं। सबका प्रयास की इसी भावना से आजादी के अमृत काल को हमें उज्जवल करना है, राष्ट्रीय संकल्पों की सिद्धि के लिए जुटना है। हजारों वर्षों से बदलती स्थितियों के बावजूद भारत के अटल और अडिग रहने में हमारी सभ्यता और संस्कृति की बड़ी भूमिका रही है। हमारी आस्था और संस्कृति की धारा सद्भाव, समावेश, समभाव की है। राम ने सक्षम होते हुए भी लिया सबका साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने की बात आई तो प्रभु राम ने सक्षम होते हुए भी, सबका साथ लेने का, सबको जोड़ने का, समाज के हर तबके के लोगों को जोड़ने का काम किया और सबको जोड़कर उन्होंने इस काम को संपन्न किया। यही तो है सबका साथ–सबका प्रयास।

## हनुमान जन्मोत्सव: मथुरा में 51 किलो दूध और 11 किलो घी से किया केसरीनंदन का अभिषेक, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

मथुरा ब्यूरोः मथुरा के प्राचीन घाटी वाले बाबा हनुमान मंदिर में शनिवार को हनुमान जी का जन्मोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह सबसे पहले मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी महाराज के विग्रह का 51 किलो दूध, 11 किलो गाय का घी, 11 किलो शहद, 21 किलो बूरा, गंगाजल , जमुना जल, गुलाब जल आदि से पंच अभिषेक किया गया। इसके बाद केसरीनंदन को नवीन पोशाक ध ारण कराई गई। हनुमान जी के जन्मोत्सव पर 11100 लड्डूओं का भोग लगाया गया। इसके बाद यह प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इस अवसर



पर मंदिर में फूल बंगला भी सजाए गए और हनुमान जी को 56 भोग लगा गए। हनुमान जी का जन्मोत्सव पर केसरीनंदन के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंदिर परिसर बजरंग बली के जयकारों से गुंजायमान होता है। उधर, वृंदावन धाम में बालाजी देवस्थान में धार्मिक अनुष्ठान हुए।

## संवाद सम्मान सम्मेलन में देवदूत वानर सेना के संरक्षक अजीत सिंह ने समाजसेवी प्रीतम सिंह को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डिज्नी वंडर वाटर पार्क में प्रथम संवाद सम्मान सम्मेलन देवदूत वानर सेना के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें देवदूत वानर सेना के संरक्षक समाज कल्याण डिप्टी डायरेक्टर अजीत सिंह के द्वारा देश के दूरदराज से आए हुए समस्त लोगों को संबोधित करते हुए यह दिशानिर्देश जारी किया गया कि आज से हर गांव हर तहसील के हॉस्पिटल से मिलकर वहां के गरीब जो इलाज कराने में सक्षम नहीं हैं उनका इलाज निःशुल्क कराने की सभी हॉस्पिटल वालों से प्रार्थना की जाएगी। यह उनका विश्वास है कि सभी हॉस्पिटल के डॉक्टर व प्रबंधक 2 से 4 मरीजों का इलाज निःशुल्क अवश्य करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वानर सेना के जामवंत रिटायर्ड पुलिस अधिकारी दिवाकर सिंह के शेरो शायरी और जोशीले अंदाज के कारण वानर सेना का हौसला अफजाई हुआ। समारोह के दौरान डिजनी वंडर वाटर पार्क के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रीतम सिंह को देवदूत वानर सेना के संरक्षक अजीत सिंह ने सम्मानित किया।



उल्लेखनीय है कि समारोह की संपूर्ण निःशुल्क व्यवस्था प्रीतम सिंह ने की थी। कार्यक्रम में शिरकत करने वाले अनिल सिंह, कुलगुरू रमेश दुबे, अमित राज, रागिनी अवस्थी, रिचा सोलंकी, सीमा द्विवेदी, नारायण सिंह, प्रतीक सिंह, अतुल सिंह, डॉक्टर अब्बासी समेत भारी संख्या में वानरों ने अपनी जोर आजमाइश की। वाटर पार्क प्रथम सम्मेलन अपने में एक अजीबोगरीब किंतु वानरों की दृष्टि से आनंददायक दिखाई देते हुए एक अलग ही कहानी बयां कर रही थी। करोना काल में शुरू की गई यह अनूठी पहल की संस्था भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक अलग मुकाम हासिल कर रही है जिसका जीता जागता उदाहरण है कि भारत में भारी संख्या में इसके अनुयाई हैं। रत्नप्रभा , मनोरमा, आजाद मंच की प्रदेश अध्यक्ष रागिनी अवस्थी उपस्थित रही। आजाद मंच की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रागिनी अवस्थी भी उपस्थित रहीं।

## हिमाचलः टावर लगाने के नाम पर पंचायतों को चूना लगाने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत

शिमला. (एजेंसी) : हिमाचल की पंचायतों को मोबाइल कंपनियां चूना लगा रही हैं। ये कंपनियां पहली बार पंचायतों से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेकर मोबाइल टावर स्थापित कर रही हैं। इसके एवज में कंपनियां संबंधित पंचायत को दस हजार प्रति टावर धनराशि एक बार ही देती हैं। इसके बाद ये कंपनियां न तो एनओसी का नवीनीकरण कराती हैं और न ही नवीनीकरण राशि दे रही हैं। यह मामला प्रदेश सरकार से उठाया गया है। मोबाइल कंपनियों पर शिकंजा कसने के लिए आईटी निदेशक को पत्र भेजा गया है। राज्य के किन्नौर सहित अन्य जिलों की पंचायतों ने ग्रामीण विकास विभाग से यह मामला उठाया गया है। प्रदेश भर में कुल 3615 पंचायतें हैं और इनमें से अधिकांश पंचायतों के क्षेत्र में मोबाइल कंपनियों ने टावर लगा रखे हैं। इन पंचायतों में कंपनियां एक बार एनओसी लेकर दोबारा इन का नवीनीकरण नहीं करा रही हैं। इससे पंचायतों को पिछले कई साल से आर्थिक नुकसान हो रहा है और कंपनियों की मनमानी चली हुई है। आईटी एक्ट में यह है प्रावधान आईटी एक्ट में प्रावधान है कि कंपनियों को पंचायतों से ली एनओसी



का हर साल नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही कंपनी को पहली बार एनओसी लेने पर दस हजार की राशि प्रति टावर देनी होती है। इसके अलावा उसी टावर का प्रयोग दूसरी कंपनी भी करती है तो उसे साठ फीसदी राशि पंचायत को देनी होती है। इसके बाद एनओसी के नवीनीकरण में दोनों कंपनियों हर साल पंचायत को राशि देने का प्रावधान है। पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त निदेशक केवल शर्मा ने बताया कि किन्नौर जिले के क्षेत्र का दौरा करने के बाद यह मामला सामने आया है। पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि आईटी एक्ट का मोबाइल कंपनियां खुला उल्लंघन कर रही हैं। विभाग की ओर से आईटी विभाग को कार्रवाई करने को पत्र भेजा गया है।

## मध्य प्रदेशः विदिशा में 6 साल की बच्ची को कुत्ते ने नोचा, वीडियो आया सामने, 2 दिन में 54 बने आवारा कुत्तों के शिकार

मध्य प्रदेश ब्यूरो : विदिशा जिले में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। शुक्रवार को एक 6 साल की बच्ची भी कुत्तों का शिकार बनीं। एक कुत्ते ने उस पर हमला बोल दिया। वह कुछ संभल पाती, उससे पहले ही गिर गई। एक व्यक्ति ने आकर उसकी जान बचाई। विदिशा में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिन में कुत्ते के काटने की वजह से 54 लोग अस्पताल पहुंचे हैं। विदिशा में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि सड़क पर चलना तक मुहाल हो गया है। सड़क और गलियों से गुजरने वाले वाहनों पर अक्सर यह कुत्ते हमला करते हैं। जो वीडियो सामने आया है, वह शुक्रवार दोपहर साढ़े तीन बजे का है। छह साल की बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। तभी



वहां से जा रहे एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बच्ची गिर गई। कुत्ते ने उसका पैर मुंह में दबाकर नोचना शुरू कर दिया। साथ में खेल रहे दूसरे बच्चे घबराकर भाग गए। कुछ लोगों ने वहां पहुंचकर बच्ची को बचाया, वरना उसकी जान भी जा सकती थी। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल के डॉ. समीर किरार का कहना है कि पिछले दो दिन में कुत्ते के काटने के 54 मामले आए हैं। बुधवार को 30 मामले, जबकि गुरुवार को 24 मामले सामने आए थे। चार मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## गौरीपुर जवाहरनगर स्थित चमत्कारी संकटमोचन श्री हनुमान मन्दिर में 48 घंटो से चल रहे रामायण के अखण्ड़ पाठ के पूर्ण होने पर लगा विशाल भंडारा

बागपत, पत्रकार विवेक जैन।

बागपत के गौरीपुर जवाहरनगर स्थित चमत्कारी संकटमोचन श्री हनुमान मन्दिर एवं सिद्ध आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि स्थानो से हजारों हनुमान भक्तों ने हाजरी लगायी। आश्रम के संचालक धर्मवीर भगत जी के पावन सानिध्य में मन्दिर में अड़तालीस घंटे से चलने वाले रामायण के अखण्ड़ पाठ, मूलमंत्र माला के अखण्ड़ जाप व हनुमान चालीसा के अखण्ड़ पाठ के पूर्ण होने पर यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी भक्तों ने पूर्णाहूति दी। विभिन्न भगवानों की आरती के उपरान्त भक्तों ने हनुमान दरबार में बढ़–चढ़कर अरदास लगायी और अपने परिवार और देश की खुशहाली, सुख, समृद्धि, उन्नति आदि के लिए प्रार्थना की। इसके उपरान्त आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से शाम तक चले इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि हनुमान जी का यह धाम बहुत ही चमत्कारी है। इस पवित्र धाम पर उनकी कई प्रकार की समस्याओं का हनुमान जी के आर्शीवाद से समाधान हुआ है। बताया कि इस मन्दिर में असाध्य रोग तक हनुमान जी की कृपा दृष्टि से सही



हो जाते है, जिसके कई प्रमाण मौजूद है। श्रद्धालुओं ने आश्रम द्वारा बाहर से आये भक्तो के लिए निशुल्क रहने, खाने–पीने आदि की व्यवस्था और अच्छे आथित्य के लिए आश्रम के संचालक का आभार व्यक्त किया। आश्रम के संचालक धर्मवीर भगत जी ने हनुमान जन्मोत्सव पर आने वाले सभी हनुमान भक्तों और सेवाकार्य करने वाले सेवादारों का आभार व्यक्त किया और उन्हें श्री हनुमान जी के चित्र वाले कलैण्ड़र, चालीसा, प्रसाद आदि भेंट किया। इस अवसर पर सेवादार रणवीर सिंह, पंडित पुरुषोत्तम शर्मा, सेवक अजमेर सिंह, बाबू भाई, शिवम, सोनू, बिट्टू, विक्की, तपस्वी, परमवीर, अर्जुन, संजीव आर्य, प्रवीण तोमर सिरसली सहित राजनैतिक, प्रशासनिक, धार्मिक, न्यायिक, सामाजिक, शैक्षणिक आदि क्षेत्रों से जुड़ी जानी–मानी हस्तियां उपस्थित थी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की जयंती मनाई गई



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर शत शत नमन करते हुए हेमा सनवाल पार्षद शंकरपुरवा तृतीय वार्ड , पार्षद प्रतिनिधि उमेश सनवाल ने सभा को संबोधित किया।

## वानर सेना ने लिया आसाम की चाय का आनंद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आसाम की चाय की स्टॉल लगाए हुए सीमा त्रिपाठी दुबे जो गोरखपुर से आई हुई थी अपनी चाय का प्रदर्शन किया और बनारस के डॉक्टर राज लक्ष्मी सिप्पी को सम्मानित



किया। आजाद मंच के प्रदेश अध्यक्ष रागिनी अवस्थी, रिचा सोलंकी, नारायण सिंह, रत्नप्रभा, मनोरमा,फतेहगढ़ सेंट्रल जेल के जेलर साहब भी उपस्थिति रहे। सभी लोगों ने आसाम की चाय का आनंद लिया। वानर सेना के संरक्षक डिप्टी डायरेक्टर समाज कल्याण विभाग के अजीत सिंह का विशेष योगदान रहा उसमें सहयोगी रमेश दुबे, दिवाकर सिंह, अतुल सिंह, सीतापुर से डिप्टी जेलर विजयलक्ष्मी भी उपस्थिति रहीं।

## घर आई खुशियों की बहार, एक बार में पूरा हुआ परिवारः मेरठ में महिला ने एकसाथ तीन बच्चों को दिया जन्म




मेरठ ब्यूरो : मेरठ के एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को दुर्गा नगर निवासी नैना ने एक साथ तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। तीनों बच्चे और मां पूरी तरह स्वस्थ बताए गए हैं। वहीं एकसाथ तीन बच्चों के जन्म से परिवार में खुशियों की बहार आ गई है। सामान्य तौर पर मेडिकल साइंस के हिसाब से एक हजार में किसी एक महिला के एक साथ तीन बच्चे हो सकते हैं। अब आईवीएफ के जरिए तो हो जाते हैं, लेकिन सामान्य डिलीवरी में ऐसा कम ही होता है। एक से ज्यादा बच्चों को जन्म देने की घटना को मेडिकल टर्म में मल्टिपल प्रेग्नेंसी कहा जाता है। इसका मतलब है कि किसी महिला के गर्भ में दो या ज्यादा बच्चे हैं। ये बच्चे एक ही एग या अलग–अलग एग से हो सकते हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अगर आसमान वाले से आपके रिश्ते मजबूत हैं तो जमीन वाले आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकते।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## बाजवा के शांति संदेश की वजह, उथल–पुथल के बीच क्या है पड़ोसी मुल्क की मंशा

भारत के नजरिये से पाकिस्तान के हालिया उथल–पुथल के दौरान दो सकारात्मक बातें हुईं। सर्वप्रथम तो यही कि इमरान खान ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति की जमकर प्रशंसा की। दूसरी यह कि वहां के सैन्य प्रमुख बाजवा ने फिर भारत के पास शांति संदेश भेजा है, जिसे मोदी सरकार को खारिज नहीं करना चाहिए।

पाकिस्तान ने हाल ही में एक गंभीर सांविधानिक संकट का सामना किया, जिसे वहां के सुप्रीम कोर्ट ने टाल दिया। नेशनल असेंबली में बहुमत गंवाने के बावजूद सत्ता में बने रहने की कोशिश का खामियाजा भुगतने के बाद इमरान खान ने इस्तीफा दे दिया है। शाहबाज शरीफ नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। भारत के नजरिये से इस उथल–पुथल के दौरान दो सकारात्मक बातें हुईं। सर्वप्रथम तो यही कि अमेरिका के नेतृत्व में अपनी सरकार गिराने की विदेशी साजिश का आरोप लगाने वाले इमरान खान ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति की जमकर प्रशंसा की। और इससे भी महत्वपूर्ण दूसरी बात यह है कि पाकिस्तान के ताकतवर सैन्य प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने एक बार फिर भारत के पास शांति का संदेश भेजा है, जिसे मोदी सरकार को खारिज नहीं करना चाहिए।

विगत दो अप्रैल को 'इस्लामाबाद सिक्योरिटी डॉयलॉग' को संबोधित करते हुए बाजवा ने कहा, 'पाकिस्तान कश्मीर विवाद सहित सभी लंबित मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति का इस्तेमाल करने में विश्वास रखता है और अगर भारत ऐसा करने के लिए सहमत होता है, तो वह इस मोर्चे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। हम मानते हैं कि हमारे क्षेत्र में शांति और स्थिरता साझा क्षेत्रीय समृद्धि और विकास के लिए जरूरी हैं। हमारे दरवाजे सभी पड़ोसियों के लिए खुले हैं।'

अपनी बात को घरेलू स्तर तक पहुंचाने के लिए उन्होंने सावधानीपूर्वक तर्क का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में दुनिया का एक तिहाई हिस्सा कहीं न कहीं, किसी न किसी प्रकार के संघर्ष में शामिल है, ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने क्षेत्र से आग की इन लपटों को दूर रखें। उनकी यह चेतावनी प्रासंगिक है। क्या भारत या पाकिस्तान युद्ध की लपटों में जले बिना कश्मीर पर अपने–अपने दावों को साकार करने के लिए यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के उदाहरण का अनुकरण कर सकते हैं? नहीं।

यह पहली बार नहीं है, जब बाजवा ने भारत के साथ शांति के पक्ष में बात की है। वह भारत को नहीं, बल्कि धार्मिक अतिवाद को पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं। पिछले साल फरवरी में, उन्होंने साहसपूर्वक कहा था, 'हम आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के आदर्श के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। यह सभी दिशाओं में शांति का हाथ बढ़ाने का समय है।' बाजवा के रचनात्मक दृष्टिकोण का ठोस परिणाम यह हुआ कि पिछले साल 25 फरवरी को दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम की घोषणा की।

अब एक साल से ज्यादा समय से सीमापार से लगातार गोलीबारी रुकी है, जिसमें दोनों देशों के हजारों सैनिक एवं निर्दोष नागरिक अपनी जान गंवाते थे। यह किसी भी तरह से छोटी उपलब्धि नहीं है। पिछले साल मार्च में उन्होंने कहा, यह अतीत को भूलने और आगे बढ़ने का समय है। मौजूदा चुनौतियों के लिए अतीत के विफल समाधानों का लागू करना भोलापन है। उन्होंने पाकिस्तान और भारत, दोनों देशों से 'अतीत की कटुता में नहीं फंसने, संघर्ष को बढ़ावा न देने और युद्ध, बीमारी और विनाश के एक और दुश्चक्र में न फंसने' का आग्रह किया।

इसके बजाय, उन्होंने कहा कि उन्हें 'आगे बढ़ना, तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के लाभांश को अपने लोगों तक पहुंचाना तथा शांति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करना' चाहिए। उन्होंने दो अप्रैल को अपने ताजा भाषण में इस संदेश को और भी स्पष्ट करते हुए कहा, 'मेरा मानना है कि यह समय क्षेत्र के राजनीतिक नेतृत्व को अपने भावनात्मक और अवधारणात्मक पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर इस क्षेत्र के लगभग तीन अरब लोगों के जीवन में शांति एवं समृद्धि लाने के लिए इतिहास की बेड़ियों को तोड़ने का है।'

पाकिस्तान की सेना भारत के साथ शांति की बात क्यों कर रही है? इसका एक कारण तो यह है कि जनरल बाजवा वास्तव में शांतिप्रिय व्यक्ति हैं। यह मैं अपने व्यक्तिगत अनुभव से जानता हूं। दूसरा तथ्य यह है कि गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान ने अपने सैन्य नेतृत्व को आत्मनिरीक्षण करने के लिए मजबूर किया है। पाकिस्तान रक्षा मद में करीब दस अरब डॉलर खर्च करता है और उसकी सेना में करीब साढ़े पांच लाख जवान हैं। जैसा कि जनरल बाजवा ने स्वयं कहा, 'हमने एक अध्ययन किया है, जिससे हम सेना के आकार को अगले पांच वर्षों में काफी हद तक कम कर सकते हैं।

चूंकि पाकिस्तान को अपने नागरिकों की चिंता है, इसलिए हम अपने वादे पूरा करना चाहते हैं। आज पाकिस्तान अपने आर्थिक और सामरिक लक्ष्यों के चौराहे पर खड़ा है। हमारे पास उत्तर और दक्षिण के बीच संपर्क है–पाकिस्तान से अफगानिस्तान, फिर अफगानिस्तान से मध्य एशियाई गणराज्य और रूस तक। हम पूर्व से पश्चिम (भारत से ईरान) तक संपर्क बनाना चाहते हैं। इससे व्यापार बढ़ेगा और पाकिस्तान सहित क्षेत्र के अन्य देशों को लाभ होगा। और पाकिस्तान एक आधुनिक और दूरदर्शी देश बनेगा।' जब उनसे पूछा गया कि वह इसे किस तरह साकार करेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया कि 'यह पाकिस्तान और भारत के लिए आगे बढ़ने का समय है। आइए, हम साथ बैठकर कश्मीर सहित अपने सभी मुद्दों को सुलझाएं। हम सबसे पहले विकास चाहते हैं।'

भारत में बहुत से लोग मानते हैं कि पाकिस्तान चीन की कठपुतली बन गया है। लेकिन ऐसा नहीं है। जनरल बाजवा ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान किसी विदेशी शक्ति के खेमे का अनुयायी नहीं बनना चाहता है और अमेरिका सहित सबके साथ दोस्ताना संबंध बनाना चाहता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की अपनी स्वतंत्र विदेश नीति होनी चाहिए। पाकिस्तान यदि भारत से मित्रता करता है और परस्पर लाभकारी पड़ोसी रिश्ते अपनाता है, तो वास्तव में उसकी स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने की क्षमता बढ़ जाएगी। भारत के साथ सहयोग पाकिस्तान को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा।

आर्थिक रूप से मजबूत और आंतरिक रूप से सामंजस्यपूर्ण पाकिस्तान अमेरिका, चीन, सऊदी अरब और अन्य शक्तियों के साथ अपने संबंधों को बेहतर ढंग से संतुलित कर सकता है। जनरल बाजवा इस वर्ष नवंबर में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इसलिए सिर्फ छह महीने ही बचे हैं, जिसमें भारत और पाकिस्तान फिर से बातचीत शुरू कर सकते हैं और एक सार्थक उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हमारे पश्चिमी पड़ोसी देश के शांति संदेश का सकारात्मक जवाब देना चाहिए, जो उसके सैन्य प्रमुख की ओर से आया है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# सेंट जोसेफ के 35वें स्थापना दिवस समारोह में चौदह पूर्व छात्र हुये सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के प्रसिद्ध सेंट जोसेफ कालेज जिसकी स्थापना विद्यालय की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल द्वारा 14 अप्रैल 1987 को की गई थी। इसका 35वॉ स्थापना दिवस विद्यालय की राजाजीपुरम् स्थित षाखा केविशाल प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ बड़ी ही धूमधाम और उल्लासपूर्वक मनाया गया। सेंट जोजफ कालेज के 35वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उप–मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता पाठक उपस्थित रहीं। वही सम्मानित अतिथि के रूप में महापौर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता पाठक व एमएलसी अवनीश कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की परम्परानुसार स्वागत गीत व ईश वन्दना श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन तत्पश्चात दीप–प्रज्जवलन के साथ विधिपूर्वक हुआ। अतिथ्यिों का स्वागत सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल के साथ प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल एवं निदेषक नम्रता अग्रवाल द्वारा किया। स्थापना दिवस पर पूर्व छात्र–छात्राओं का हुआ सम्मान किसी भी विद्यालय की पहचान उसके पूर्व छात्रों के द्वारा होती है क्योंकि वह जिस मुकाम पर भी पहुंचते हैं वह निसंदेह विद्यालय की गुणवत्ता परक शिक्षा का ही परिणाम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय के उन 14 पूर्व छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया जो आज समाज में डाक्टर, इन्जीनियर, चार्टेड एकाउन्टेन्ट, प्रोफेसर, सैन्य अधिकारी, बैंकिंग सेक्टर एवं मल्टीनैशनल कंपनीज में महत्वपूर्ण पदों कार्यरत् होकर देश व समाज की सेवा कर रहे है। वह अपने माता–पिता के साथ विद्यालय के नाम का परचम लहरा रहे है। इनमें मुख्य रूप से नम्रता अग्रवाल की पुत्री व 2020 बैच की हेडगर्ल एवं कामर्स संकाय की छात्रा रही सलोनी अग्रवाल का चयन विश्व की सबसे बडीध एकाउंटिंग कंपनी पी डब्ल्यू सी में समर इंटर्नशिप के लिये हुआ है जो विद्यालय परिवार के लिये गर्व की बात है। सलोनी वर्तमान में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में बैचलर बिजनेस स्टडीज की सेकंड ईयर की स्टूडेंट है। इसी के साथ 2018 बैच की अर्पिता शर्मा और शैलजा द्विवेदी ने नीट परीक्षा में स्थान प्राप्त किया। अंकुर पाल और प्रत्यूष पाटवा इन्जीनियरिग कर रहे है तो वही 2003 बैच की दिव्या शर्मा सहायक प्रोफेसर है। सत्यम गुप्ता व कोमल अग्रवाल, शशांक गुप्ता चार्टेड एकाउन्टेन्ट बन कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर उप–मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता पाठक ने बच्चों को सम्मानित करते हुये कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के साथ सेंट जोसेफ उनमें नैतिक मूल्यों के साथ संस्कारों का बीजारोपण भी कर रहा है। देश व समाज को अच्छे हीरे जैसे नागरिक प्रदान कर सेंट जोसेफ देश की सेवा ही कर रहा है। उन्होनें विद्यालय प्रबन्धन एवं विद्यालय की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल की भूरि–भूरि





सराहना की। अपने संबोधन में संस्थापक अध्यक्ष ने अतिथियों के आगमन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि दृढ़ इच्छा षक्ति के साथ जीवन में किसी भी लक्ष्य को पाना बेहद आसान होता है। बच्चों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां– रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों ने एक से बढ़कर प्रस्तुतियॉ दी। इस अवसर बच्चों ने बुन्देलखण्ड का प्रसिद्ध राई लोक नृत्य, जगमगायेगें जग में, प्यारी जिंदगी प्यारा जहां, सृष्टि के रंग राधा–कृष्ण के संग, नारी सशक्तिकरण जैसी खूबसूरत प्रस्तुतियां दी। ग्रैंड फिनाले लहरा दो....लहरा दो.... अपनी बुलंदी का परचम लहरा दो गीत पर कक्षा नौ से बारह तक के छात्रों द्वारा पिरामिड बनाते हुए और संपूर्ण विद्यालय प्रांगण में तिरंगे ध्वज एवं स्कूल की विजय पताका फहरा कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से अभिसिंचित कर दिया और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति समर्पण को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम को देखकर सभी अभिभावक चकित रह गये। अपने सम्बोधन में महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि बच्चों में अनेक प्रतिभाये नैसर्गिक रूप से विद्यमान होती है शिक्षा और शिक्षक उनको निखार कर सामने लाने का कार्य करते है। एम एल सी अवनीश सिंह ने आज के बदलते परिवेश में खेल कूद और वर्तमान युग उपयोगी शिक्षा पर विषेष बल देने की बात कही। स्थापना दिवस समारोह में सेंट जोसेफ की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य, इंचार्ज और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में सेंट जोसेफ कॉलेज राजाजीपुरम षाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती लीना शर्मा ने आमंत्रित अतिथियों और उपस्थित जन–समूह अभिभावक गणों को उनके आगमन के प्रति धन्यवाद दिया।

## थाना लाइन बाजार व स्वाट टीम की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार,एक के पैर में लगी गोली, कब्जे से एक मोटरसाइकिल, 01 पिस्टल 32 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, 02 तमंचा 315 बोर मय कारतूस बरामद–



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के आदेश के क्रम में व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में, श्री जितेन्द्र कुमार दूबे अपर पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के मार्गदर्शन में, दिनांक 15.04.2022 को प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मय हमराह अपराध व अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध मे आपस मे चर्चा की जा रही थी कि प्रभारी सर्विलांस द्वारा बताया गया कि कुछ महत्वपूर्ण इनपुट मिले हैं। जिसके मद्देनजर प्रसाद तिराहे पर समय करीब 11.35 बजे रात को एक अपाचे गाडी से तीन सवारी जौनपुर की तरफ से तेज गति से आते हुए दिखाई दिये कि उन्हे टार्च द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो गाडी के पीछे बैठा हुआ व्यक्ति हम पुलिस वालो पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए प्रसाद तिराहे से चौकियाधाम वाले रास्ते पर मुड कर भागने लगे की हम पुलिस वाले आपस मे कुशलक्षेम लेते हुए बदमाशो का पिछा करने लगे तो अपने को घिरा देखकर आराजी भगवतीपुर जाने वाले मार्ग पर अपनी गाडी मोडकर भागने लगे की भगवतीपुर पुलिया के पास गाडी डगमगा के गिर गये। हम पुलिस वालो द्वारा आत्मसम्पर्ण हेतु ललकारने पर बदमाशो द्वारा फायर किया जाने लगा की एक गोली चौकी इन्चार्ज सिविल लाईन के पहने हुए बुलेट फ्रूफ जैकेट पर लगी अगर बुलेट प्रुफ जैकेट न होता तो अवश्य ही जान भी जा सकती थी। अतः आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुए नियंत्रीत एक अदद फायर चौकी प्रभारी सिविल लाइन द्वारा किया गया कि एक बदमाश की करहाने की आवाज आयी फायरिंग बन्द हो जाने पे नजदीक जा के देखा गया तो एक बदमाश घायल अवस्था मे गिरा पड़ा था जिसके बाये पैर मे घुटने के नीचे खील्ली मे गोली लगी है। जिसका नाम पूछा गयो तो अपना नाम गौरव सिंह उर्फ गोलू पुत्र पंकज सिंह नि0 भटेवरा थाना सरायख्वाजा जौनपुर बताया तथा दो बदमाश जो मौके से भाग रहे थे उन्हे घेर मारकर कुछ ही देर मे हम पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया। जिनका नाम पूछा गया तो एक ने अपना नाम पंडित अजीत शर्मा पुत्र पंडित सुधाकर शर्मा निवासी हुसैनाबाद थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर व दुसरे ने शिवा सिंह पुत्र रमेश सिंह नि0 भुसौड़ी थाना सरपतहा जनपद जौनपुर बताया। जिनकी जामा तलाशी ली गयी तो एक पिस्टल व मैगजीन में दो जिन्दा कारतुस 32 बोर व दो देशी तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतुस व एक जिन्दा कारतुस व चोरी की एक अपाची मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# परिवार के पांच लोगों के शव मिलने से सनसनीः महिला और तीन बच्चों की धारदार हथियार से काटकर हत्या, फंदे पर लटका मिला पति

प्रयागराज ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला और तीन बच्चों की बेरहमी से धारदार हथियार से गला काटा गया है, जबकि पति का शव फंदे पर लटका मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज के नवाबगंज थाना इलाके के भागलपुर गांव में शुक्रवार देर रात एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। पत्नी समेत तीन बच्चों की धारदार हथियार से काट कर हत्या की गई है। जबकि शख्स फंदे से लटका मिला है। मृतकों में राहुल तिवारी, उसकी पत्नी प्रीति तिवारी और तीन मासूम बच्चे शामिल हैं। बच्चों का नाम माही (12) पीहू (7) और बेटा पोहू (5) हैं। जांच पड़ताल में पुलिस को मौके से ही एक चौपड़ बरामद हुआ है। घटना की जानकारी सुबह होने पर सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस समेत फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डाग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस की मुताबिक, राहुल तिवारी भागलपुर गांव में परिवार के साथ रहता था। वह मूल रूप से कौशांबी का रहने वाला था। किराये के मकान में रहता था परिवार बताया जा रहा कि राहुल तिवारी नवंबर 2021 से किराये के मकान में रहकर पशु खरीदकर बेचने का काम करता था। देर रात राहुल तिवारी का परिवार खाना खाकर सो गया। मृतक का परिवार जिस कमरे में रह रहा था, उसका चौनल खुला हुआ था। राहुल की बहनों ने लगाया हत्या का आरोप सुबह जब



घर से कोई नहीं निकला तो पास में रहने वाले एक व्यक्ति ने अंदर जाकर देखा तो वह दंग रह गया। राहुल आंगन के पाटन में लटका हुआ था। जबकि पत्नी और बच्चे के लहूलुहान शव कमरे में बिस्तर पर पड़े थे। मृतक की बहन ज्योति और नीतू ने हत्या का आरोप लगाया है। एसएसपी अजय कुमार का कहना है कि राहुल के शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि उसकी मौत कैसे हुई। एक आशंका यह भी है कि पहले राहुल की हत्या करके शव फंदे पर लटका दिया गया और फिर उसकी पत्नी और तीनों बच्चों को मौत के घाट उतार दिया गया।

## आगरा बवाल की आपबीतीः चेहरे छिपे हुए, गले में गमछा हाथों में बांक–फावड़े, डर के चलते घरों में कैद रहे महिलाएं और बच्चे

आगरा ब्यूरो : आगरा के रुनकता में व्यापारी मोहल्ले के मोहम्मद मुस्तकीम ने बताया कि मैं अपने घर के काम में लगा था। तीन बच्चे और पत्नी भी अपने–अपने कमरों में बैठे थे, तभी नारेबाजी की आवाज सुनी। खिड़की से देखा तो कुछ लोग साजिद के मकान के बाहर खड़े थे। उन्होंने पहले ताले तोड़े। अंदर घुसकर सामान निकाला। कुछ छत पर चढ़ गए। पानी की टंकी तोड़ दी। कुछ लोगों ने घर के बाहर और अंदर आग लगा दी। इसके बाद उसके भाई और चाचा के मकान में भी ऐसा किया। डर के कारण घर से बाहर नहीं गए। एक घंटे बाद पुलिस आई। तब बाहर आए। उन्होंने बताया कि उनका घर साजिद के घर से तकरीबन पांच मीटर की दूरी पर है। अचानक मोहल्ले में लोगों के आने पर परिवार डर गया था। बच्चे भी घबरा गए थे। वो बाहर निकलकर नहीं गए। उन्हें डर था कि भीड़ उनके घर की तरफ न आ जाए। इसी तरह उनके पड़ोस में रहने वाली अफसाना के परिवार का भी यही हाल था। उन्होंने बताया कि भीड़ ने आते ही सामान बाहर फेंक दिया। वह नारेबाजी कर रहे थे। वह समझ नहीं पा रहे थे कि वो ऐसा क्यों कर रहे हैं। इससे मोहल्ले के अन्य लोग भी डर गए। उन्होंने अपने परिवार को भी अंदर कर दिया। मोहल्ले के रहने वाले बल्लू ने बताया कि साजिद के मकान में पांच परिवार रहते हैं। उनके घर में गैस सिलिंडर भी रखे हुए थे। आगजनी के बाद धमाकों की आवाज सुनी गई। दो से तीन धमाके हुए। उन्हें लगा कि सिलिंडर फट गए हैं। इससे वो घबरा गए। साजिद के मकान में भी दरार आ गई। एक घंटे तक वो लोग घरों में कैद रहे। बाद में पुलिस के साथ दमकल आई। तब कहीं आग पर काबू पाया जा सका। चेहरे छिपे हुए, गले में गमछा, हाथों में बांक–फावड़े मोहल्ले के लोगों ने बताया कि साजिद, उसके भाई और चाचा के घर में आगजनी करने वाले अपने चेहरे छिपाकर आए थे। उनके गले में गमछे पड़े थे। हाथों में बांक, फावड़े और हथौड़े लगे हुए थे। साजिद के घर में खिड़की दरवाजे तोड़ दिए। सोफा, फ्रिज, टीवी और एसी तक बाहर फेंका। इसके बाद आग लगा दी। साजिद के घर में तीन सिलिंडर थे। उनके फटने की आवाज भी लोगों ने सुनीं। एक घंटे तक अराजकता को माहौल रहा। नहीं लगा कंट्रोल रूम का नंबर लोगों ने आरोप लगाया कि यूपी 112 पर कॉल किया। मगर, नंबर लगा नहीं। बाद में चौकी और थाने के नंबर पर कॉल किया। इसके बाद पुलिस मौके पर आ गई। मोबाइल में वीडियो बनाने पर पीट दिया युवक क्षेत्र के लोगों का कहना था कि जब दूसरे मोहल्ले से आए युवक आगजनी कर रहे थे, तब कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाने का प्रयास किया, लेकिन युवकों ने धमकी दे दी। कहा कि मोबाइल अंदर रख लो, नहीं उनके साथ भी ऐसा ही करेंगे। इस पर मोबाइल अंदर रख लिया। बाद में एक युवक ने मोबाइल से वीडियो बनाने का प्रयास किया, इस पर आरोपियों ने युवक को पीट दिया। मोबाइल तोड़कर आग में डाला मोहल्ले के साहिल ने बताया कि वह भतीजे को लेकर आ रहा था। उसके हाथ में मोबाइल लगा था। साजिद के बाहर आगजनी करने वालों ने समझा कि वो मोबाइल से वीडियो बना रहा है। इस पर उन्होंने मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद आग में डाल दिया। उन्हें धमकी देकर भगा दिया।

## थाना महराजगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम, गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो के अनावरण के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण, निर्देशन मे थाना प्रभारी उ0नि0 देवेन्द्र सिंह यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर के नेतृत्व में मु0अ0सं0 17ध्2022 धारा 498एध्304बीध्323 भा0द0वि0 व = डीपी एक्ट थाना महराजगंज जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्ता अमरावती देवी पत्नी रतिराम यादव ग्राम जनौर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 61 वर्ष को उसके गाँव जनौर से दिनांक 07.04.2022 समय 07.30 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्ता,अमरावती देवी पत्नी स्व0 रतिराम यादव ग्राम जनौर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।गिरफ्तारी टीम ,उ0नि0 देवेन्द्र सिंह यादव दृ प्रभारी थाना महराजगंज जनपद जौनपुर , उ0नि0 श्री हरीश चन्द्र सिंह दृ चौकी प्रभारी ए.बी.एस. थाना महराजगंज जौनपुर ,का0 पवन कुमार दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर , का0 राहुल कुमार दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर , का0 अर्पणा शुक्ला दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर

## विद्युत विभाग कर्मियों के साथ हाथापाई प्रकरण में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज व प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 15.04.2022 को थाना स्थानीय अन्तर्गत पुरानी बाजार में विद्युत चेकिंग करने गये विद्युत कर्मियों से हाथापाई करने के प्रकरण में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 92ध्2022 धारा 353ध्323ध्504 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त पंकज गुप्ता पुत्र कन्हैयालाल गुप्ता निवासी पुरानी बाजार थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को थाना



स्थानीय के व0उ0नि0 श्री जयप्रकाश यादव व हे0का0 सलीम खान द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

# अभाकाम ने किया राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश वर्मा का स्वागत

जौनपुर ब्यूरो : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश वर्मा का स्वागत पॉलिटेक्निक चौराहे पर शुक्रवार की शाम अभाकाम के प्रदेश सचिव श्रीकान्त श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया।

ज्ञात हो कि भाजपा के वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश वर्मा के आने की सूचना जैसे ही अभाकाम के पदाधिकारियों को हुई की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री वर्मा अयोध्या दर्शन करते हुए जौनपुर होते हुए वाराणसी प्रस्थान करने वाले हैं जिस पर अभाकाम के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इन्द्रसेन श्रीवास्तव जी के निर्देश पर अभाकाम के प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में अभाकाम के पदाधिकारी गण पालीटेक्निक चौराहे पर एकत्रित हो गए और वहां पर सभा के पदाधिकारियों ने श्री वर्मा का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया इसके बाद श्री वर्मा द्वारा पत्रकार वार्ता किया गया तत्पश्चात वह वाराणसी के लिए रवाना हो गए इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता दीपक श्रीवास्तव प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव भाजपा के नगर अध्यक्ष दक्षिणी अमित



श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव अशोक श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे

## अमन चैन की दुआ के साथ रोजेदारों ने किया इफ्तार

जौनपुर ब्यूरो : शहर के मोहल्ला बलुआघाट में युवा समाजसेवी फाजिल सिद्दीकी द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार में देश के अमन चौन की दुआ की गई । रोजा इफ्तार पार्टी में फाजिल सिद्दीकी ने सभी से कहा कि रमजान के इस पाक महीने में देश में अमन चौन बना रहे, हिंदू मुस्लिम सब मिलकर देश निर्माण में अपना योगदान करें, खुदा सभी के ऊपर अपना कर्म बनाए रखें ऐसी दुआ खुदा से करें। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्ष कोरोना काल के कारण रमजान में सामूहिक रूप से किसी भी इफ्तार पार्टी का आयोजन नही हुआ था , इस वर्ष आयोजित इफ्तार पार्टी में लोग शामिल होकर देश की एकता अखंडता एवं आपसी सौहार्द को कायम रखने की दुआ कर रहे है साथ ही कोरोना संक्रमण से हमेशा के लिए मुक्ति की भी प्रार्थना किया गया।

इस मौके पर बिजली लार्मचारी संघ अध्यक्ष निखलेश सिंह , दुर्गा पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मोती यादव पूर्व विधायक अरशद



खान, उबैदुर रहमान, परवेज अहमद,इमरान अहमद,इरशाद अहमद मंसूरी,साजिद अलीम,आरिफ हबीब,अनवारुल हक गुड्डू,उमेश मौर्या,आदिल खान,इमरान अहमद,उस्मान,माज अहमद खान,हसन मेंहदी ,मुमताज एडवोकेट,अनवारुल हसन,नोशाद अहमद,दिलशाद,इंतेखाब आदि के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# अग्निशमन स्मृति दिवस मनाया गया

जौनपुर (सू0वि) : मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने अवगत कराया है कि 14 अप्रैल 2022 को फायर स्टेशन जौनपुर पर अधिकारीध्कर्मचारीगण द्वारा "अग्निशमन स्मृति दिवस" मनाया गया, इस दौरान अपने कर्तव्य की वलिवेदी पर शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी साथ ही साथ जनपद के उच्चाधिकारीयों को पिन फ्लैग लगाकर, 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह का प्रारम्भ किया गया। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल 1944 को बंबई बंदरगाह पर विस्फोटक सामाग्री एवं रूई से भरे जहाज में आग लगने के दौरान तेज विस्फोट हो जाने के कारण अग्निशमन कार्य में जुटे अग्निशमन कर्मियों में से 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपटों में घिर जाने के कारण शहीद हो गये उन्हीं की पुण्य स्मृति में प्रत्येक वर्ष आज के दिन "अग्निशमन स्मृति दिवस" मनाया जाता है और 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है, इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।

# मिशन शक्ति योजनान्तर्गत महिलाओ को मिलेगा लाभ

जौनपुर (सू0वि) : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि 20 अप्रैल 2022 को मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने हेतु उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य मा0, श्रीमती शशि मौर्या द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनायें विशयक जागरूकता शिविर गौराबादशाहपुर, में समय–10.00 बजे से एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदकध्आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से महिला जनसुनवाई निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग लाइन बाजार चौराहा जौनपुर में समय 2.00 बजे से निर्धारित किया गया है। आम जनमानस से अनुरोध है कि उक्त दोनो कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का निस्तारण प्राप्त कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्टः 14 साल की छात्रा की मौत के मामला सीबीआई को सौंपा, परिवार ने लगाया है दुष्कर्म और हत्या का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी ): शीर्ष अदालत का यह आदेश मृतक की मां द्वारा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर अपील पर आया है जिसमें उसने जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने वाली 14 साल की बच्ची की मौत की जांच सीबीआई को सौंप दी है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सीटी रवि कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों को चार सप्ताह के भीतर संबंधित मामले की फाइलें और दस्तावेज सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया।पीठ ने निर्देश दिया, हमने याचिकाकर्ता द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान



लिया है जो मृतक की मां है। उन्होंने 14 साल की अपनी नाबालिग बेटी को खो दिया है और जांचकर्ताओं ने क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। इससे पहले कि हम मामले को आगे बढ़ाएं, जांच के संबंध में कागजातध्दस्तावेज उत्तर प्रदेश राज्य और हरियाणा राज्य द्वारा प्राथमिकी के संदर्भ में प्रतिवादी संख्या 4 (सीबीआई) को सौंपे जाएं।

### संपत्ति हड़पने को लेकर अपहरण कर हत्या करने का अंदेशा

न्यायालय के आदेश पर जलालपुर थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संपत्ति हड़पने के लिए अपहरण करने वाले चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश न्यायालय ने दिया जिस पर जलालपुर थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा उपेंद्र नाथ सिंह निवासी नेवादा थाना जलालपुर ने अपने अधिवक्ता समर बहादुर सिंह एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में 156(3) सी आर पी सी के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दिया कि वह इलाज के लिए रायपुर गए थे घर में अकेले उनके भाई इन्द्रसेन सिंह थे दिनांक 25 अगस्त 2021 की रात को करीब 9:00 बजे आरोपी दिग्विजय सिंह ने इन्द्रसेन सिंह को घर में अकेला देखकर उसकी संपत्ति हड़पने के लिए एक बोलेरो गाड़ी में कुछ अज्ञात लोगों के साथ आरोपी आशीष सिंह , इन्द्रसेन यादव ,व सचिन कुमार सिंह की मदद से जबरन अगवा कर उन्हें गायब कर दिया प्रार्थना पत्र में वादी मुकदमा ने यह भी आरोप लगाया की सारे लोगों ने मिलकर इन्द्रसेन की हत्या कर उनकी लाश को गायब कर दिया प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेकर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने थानाध्यक्ष जलालपुर को निर्देशित किया कि वह मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू करें जिस पर थाना जलालपुर ने मुकदमा अंतर्गत धारा 365 आईपीसी की तहत दर्ज कर लिया है

## सोशल आडिट टीम सदस्यों का चयन प्रत्येक विकास खण्ड कार्यालय पर किया जाएगा

जौनपुर (सू0वि) : जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह ने अवगत कराया है कि सोशल आडिट टीम सदस्यों का चयन प्रत्येक विकास खण्ड कार्यालय पर विकास खण्ड डोभी, मुफ्तीगंज, बक्शा में 16 अप्रैल 2022, विकास खण्ड–सुइथाकला, शाहगंज, खुटहन में 18 अप्रैल 2022, विकास खण्ड–बरसठी, रामपुर, केराकत में 19 अप्रैल 2022, विकास खण्ड–धर्मापुर, सिरकोनी, करंजाकला में 20 अप्रैल 2022, विकास खण्ड–सिकरारा, मछलीशहर, मुॅ०बादशाहपुर में 21 अप्रैल 2022, विकास खण्ड मड़ियाहूँ, महराजगंज, बदलापुर में 22 अप्रैल 2022 एवं विकास खण्ड–रामनगर, सुजानगंज, जलालपुर में 23 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षणोपरान्त अभ्यर्थियों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक अभ्यर्थी समय से अपने–अपने विकास खण्ड पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो

# स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रति करेंगे जागरूक

जौनपुर, (सू.वि.) : आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जनपद के 21 विकास खंडों में 18 अप्रैल से विशेष स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। 23 अप्रैल तक चलने वाले इन मेलों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस बारे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक अर्पणा उपाध्याय ने जौनपुर सहित प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेजा लिखा है।

सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। मेले में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख,कान, नाक एवं गले की जांच की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा आयोजन में दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से बुरे प्रभाव की जांच, कैंसर नियंत्रण जागरूकता समेत अन्य विभागों के इलाज संबंधी सेवाएं भी मिल सकेंगी।

सीएमओ ने बताया कि सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने और उससे लाभान्वित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी एवं गैर–संचारी रोगों की रोकथाम आदि प्रमुख हैं।

उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को बदलापुर, महराजगंज और मछलीशहर, 19 को धर्मापुर, करंजाकला और सिकरारा, 20 को केराकत और रामपुर, डोभी, 21 को मुंगराबादशाहपुर और सुजानगंज, 22 को सिरकोनी, जलालपुर, बरसठी, तथा 23 अप्रैल को मड़ियाहूं, बख्शा, मुफ्तीगंज, रामनगर, सोंधी, खुटहन, सुइथाकला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मेला का आयोजन होगा। मेले में स्वास्थ्य विभाग, सहायक आयुक्त खाद्य, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष, शिक्षा, सूचना एवं प्रसार, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, विकलांग विभाग, आयुष्मान भारत के स्टाल लगेंगे।

बनवाएं आयुष्मान कार्डः आयुष्मान भारत के जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि मेले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसमें अंत्योदय राशनकार्ड, प्रधानमंत्रीध्मुख्यमंत्री का पत्र के साथ आधार कार्ड ले आकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इस दौरान किसी को दिक्कत आती है तो निम्न मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क कर अपनी समस्या का निस्तारण करवा सकते हैं। जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक, हिमांशु शेखर सिंह मो.न.919044117874, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ बद्री विशाल पांडे मो.न.. 919415133125, जिला शिकायत प्रबंधक अवनीश श्रीवास्तव मो.न. 7080369406 से सम्पर्क कर अपनी समस्या का निराकरण करवा सकते हैं।जौनपुर 16 अप्रैल 2022 (सू0वि)– जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि 20 अप्रैल 2022 को मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने हेतु उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य मा0, श्रीमती शशि मौर्या द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनायें विशयक जागरूकता शिविर गौराबादशाहपुर, में समय–10.00 बजे से एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदकध्आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से महिला जनसुनवाई निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग लाइन बाजार चौराहा जौनपुर में समय 2.00 बजे से निर्धारित किया गया है। आम जनमानस से अनुरोध है कि उक्त दोनो कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का निस्तारण प्राप्त कर सकते हैं।

### सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी पोस्ट से बचें, परिवार को भी दूर रखें' टाटा इंस्टीट्यूट ने अपने कर्मचारियों को दी सलाह

मुंबईःब्यूरो : 'सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी पोस्ट से बचें, परिवार को भी दूर रखें' टाटा इंस्टीट्यूट ने अपने कर्मचारियों को दी सलाह

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (ज्थ्त्) ने कहा है कि संस्थान के कर्चमारियों से अनुरोध है कि वे संस्थान से संबंधित या किसी सरकारी संपत्ति से संबंधित किसी भी फोटो या वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड करने से बचें।

सोशल मीडिया देश के प्रमुख शोध संस्थानों में से एक, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (ज्थ्त्) ने अपने कर्मचारियों को सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी पोस्ट करने से परहेज करने की सलाह दी है। इतना ही नहीं संस्थान ने कहा है कि यह उनके परिवारों पर भी लागू होगा। 13 अप्रैल को जारी किए गए सर्कुलर में यह सलाह दी गई है।

# जिम कार्बेट नैनीताल डिस्ट्रिक्ट अधिवेशन में लायंस क्लब क्षितिज जौनपुर ने जीता प्रथम पुरस्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब इंटरनेशनल 321ई के डिस्ट्रिक्ट महाधिवेशन में लायंस क्लब क्षितिज ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर जौनपुर जिले का नाम रोशन किया। जिम कार्बेट नैनीताल में हुए अधिवेशन में पूरे डिस्ट्रिक्ट से 26 जिलों के 90 क्लबों ने भाग लिया जिसमें कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। लायंस क्लब क्षितिज ने इस महाधिवेशन में पहली बार प्रतिभाग करते हुए पंक्चुअलिटी में प्रथम स्थान अर्जित कर सभी को बता दिया की हौसले अगर बुलंद हो तो कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। इस पुरस्कार को वर्तमान गवर्नर लायन चौतन्य पंड्या व रागिनी पांड्या जी के कर कमलों द्वारा संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, सर्वेश जायसवाल, अतुल सिंह, नीतीश सिंह व कौशल त्रिपाठी ने प्राप्त किया। इस महाधिवेशन में लायन सी.ए. सौरभकांत जी को गवर्नर के रूप में चुना गया। प्रथम वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रूप में अजय मल्होत्रा व द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रूप में





बलवीर सिंह बग्गा को चुना गया। लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष लायन जय कृष्ण साहू जैकी ने प्रथम पुरस्कार जीतने पर संस्था के सभी सदस्यों को बधाई दी व आभार व्यक्त किया। संस्थापक अध्यक्ष लायन शशांक सिंह रानू ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा कि सभी सदस्यों ने कंधे से कंधा मिलाकर भरपूर सहयोग दिया। जिससे हम सब का सर गर्व से ऊंचा हो गया एवं लायंस क्लब जौनपुर 'क्षितिज' प्रथम मंडल अधिवेशन में भागीदारी कर अपना नाम डिस्ट्रिक्ट 321ᴹ के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में अंकित कर दिया। इस महाधिवेशन में 90 क्लबों से लगभग 1000 लोग शामिल हुए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विष्णु सहाय, कोषाध्यक्ष अजीत सोनकर, राजीव गुप्ता, संजय गुप्ता, दीपक साहू, शिवेंद्र सेठ व सचिव प्रदीप सिंह उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बदलापुर के सभागार में किया गया।

जौनपुर (सू.वि.) : ग्राम पंचायत दुगौली के संजय कुमार के द्वारा शिकायत की गई कि चकमार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अतिक्रमण को खाली कराया जाए।

ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जमीन पर कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष आयी, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए लेखपाल को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं से अच्छा व्यवहार करते हुए गंभीरता पूर्वक उनकी शिकायतें सुनी जाए और ससमय निस्तारण किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 118 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें मौके पर ही 09 शिकायतों का



निस्तारण किया गया और सम्बन्धित शेष शिकायते सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से अवैध कब्जा, राशन कार्ड एवं राजस्व की शिकायतें आई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, उपजिलाधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्टः 14 साल की छात्रा की मौत के मामला सीबीआई को सौंपा, परिवार ने लगाया है दुष्कर्म और हत्या का आरोप

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर,हरदोई में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा टेबलेट तथा स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया । समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुशील चन्द्र त्रिवेदी''मधुपेश'' ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपना एक लक्ष्य तय करना चाहिए और उसके लिए जबतक लक्ष्य प्राप्त न हो जाय अनवरत प्रयास करना चाहिए । उन्होंने कहा कि हर चीज की उपयोगिता और अनुपयोगिता दोनों होती है। इसी प्रकार से यह जो आप लोगों को टैबलेट और स्मार्टफोन दिया जा रहा है इसका सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार का प्रयोग किया जा सकता है जो व्यक्ति सकारात्मक प्रयोग करता है और वह अपने लक्ष्य को अवश्य ही प्राप्त करेगा । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ राजनेता



श्री प्रहलाद मिश्र ने कहा कि हम सबको जीवन में कुछ बन सके या ना बन सके लेकिन एक अच्छा मनुष्य अवश्य बनना चाहिए जो व्यक्ति अच्छा मनुष्य हैं और अच्छे मनुष्य के कर्तव्यों का पालन करता है वह व्यक्ति जीवन में अवश्य ही सफल होता है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व डायट प्रवक्ता श्रीमती मीना मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि यह संस्थान उत्तरोत्तर प्रगति की ओर बढ़ रहा है इसके पीछे संस्थान परिवार की सदैव दृढ़संकल्प के साथ प्रतिपल कुछ नवीन अच्छा करने की सोच है ।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने कहा छात्र को जीवन पर्यन्त स्वाध्याय करना चाहिए जिससे वह जीवन शिखर पर आसानी से पहुँच जाता है । महाविद्यालय का परिचय डॉ. शशिकांत पांडेय ने प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन आनंद विशारद तथा आकांक्षा शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया ।इस अवसर पर स्नातक के अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियो के स्मार्टफोन तथा परास्नातक के बच्चो को टैबलेट वितरित किये गये।डॉ.एस.एस. त्रिवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# असमः मौसम में आया बदलाव, बारिश और बिजली गिरने से दो नाबालिग सहित आठ लोगों की मौत

असम ब्यूरो : प्राकृतिक आपदा से दो नाबालिग सहित आठ लोगों की मौत हो गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी दी गई।इस समय जहां देश में ज्यादातर राज्यों में लोग भीषण गर्मी और उसम का सामना कर रहे हैं। वहीं,असम में अचानक मौसम में बदलाव आया है। यहां बीती रात अलग–अलग इलाकों में हुई भारी बारिश और तूफान के साथ बिजली गिरने से काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान यहां प्राकृतिक आपदा से दो नाबालिग सहित आठ लोगों की मौत हो गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी दी गई।असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक, 14 अप्रैल से 15 अप्रैल की रात को आठ बजे तक राज्य के गोलपारा, बारपेटा, डिब्रूगढ़, कामरूप (मेट्रो), नलबाड़ी जिलों में तेज तूफान और भारी बारिश ने कोहराम मचा दिया। इसके कारण इन जिलो में बहुत नुकसान हुआ।

# अयोध्या में उप राष्ट्रपति ने रामलला का दर्शन कर देखा श्रीराम मंदिर के निर्माण कार्य का प्रेजेंटेशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश के तीन दिन के दौरे के दूसरे दिन उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू लखनऊ से विशेष ट्रेन से अयोध्या पहुंचे।इस मौके पर रामनगरी अयोध्या में उप राष्ट्रपति ने प्रभु श्रीराम लला तथा हनुमानगढ़ी में दर्शन तथा पूजा के अयोध्या में करने के बाद श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का प्रेजेंटेशन भी देखा।उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू लखनऊ से स्पेशल ट्रेन से अयोध्या जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचे।जहाँ स्टेशन पर उतरने के बाद उप राष्ट्रपति रामलला का दर्शन करने के लिए रामजन्मभूमि रवाना हुए।रामजन्मभूमि परिसर में उन्होंने रामलला का दर्शन किया और राममंदिर निर्माण की प्रक्रिया से अवगत हुए।उनके सामने मंदिर निर्माण की प्रक्रिया का वीडियो स्क्रीन पर थ्री–डी प्रस्तुतिकरण किया गया।रामलला का गर्भगृह की विशेष साज–सज्जा की गई।उप राष्ट्रपति के स्वागत में श्रीरामलला का गर्भगृह फूल–बंगला के रूप में सज्जित किया गया।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उप राष्ट्रपति के आगमन को अयोध्या और राम मंदिर के लिए ऐतिहासिक बताया है।परिवार के साथ रामलला का दर्शन करने के उपरांत उप राष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी में भी दर्शन पूजन किया।हनुमानगढ़ी के बाद वह विश्राम करने के लिए नयाघाट पर यात्री निवास पहुंचे।जहां पर लंच कर दोपहर बाद उप राष्ट्रपति इसी ट्रेन से वाराणसी चले गये।इससे पहले इससे पहले अयोध्या रेलवे स्टेशन पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।सांसद लल्लू सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव,बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान व नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य पूर्व सांसद हरिओम पाण्डेय ने भी उनकी की अगवानी की।वही स्टेशन पर उप राष्ट्रपति के



स्वागत एवं सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई थी।रामनगरी की यात्रा में उप राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी भी थीं।अयोध्या में उपराष्ट्रपति की सुरक्षा को देखते हुए रामनगरी में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।पुलिस कर्मियों एवं पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है।सुबह सात बजे से यातायात डायवर्जन भी लागू कर दिया गया है।अयोध्या जंक्शन भी सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में था।इससे पहले उप राष्ट्रपति एम. वेकैंया नायडू सुबह करीब 9:30 बजे विशेष ट्रेन से लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से अयोध्या रवाना हो गए।चारबाग रेलवे स्टेशन पर उनको रवाना करने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा भी पहुंचे थे।उपराष्ट्रपति की ट्रेन में दो इंजन लगे थे।एक आगे और एक पीछे। चारबाग स्टेशन के एक नम्बर प्लेटफार्म से उनकी ट्रेन रवाना की गई। इस कारण दून एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनों के प्लेटफार्म बदले गए। चारबाग स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।इस कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। पार्सल घर के पास से यात्रियों को प्रवेश दिया गया।

# अभाकाम 5680 ने घोषित की नई कार्यकारिणी,समाज के कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों का चयन कर दी गयी विभिन्न प्रकोष्ठों की जिम्मेदारी

जौनपुर ब्यूरो : प्रातः स्मरणीय भगवान हम सबके आराध्य है, सभी कायस्थों को भगवान चित्रगुप्त की पूजा अवश्य करनी चाहिए। जो कायस्थ सक्षम हो उन्हें जरूरतमंद कायस्थों की मदद जरूर करनी चाहिए और चित्रांश परिवारों को जोड़कर संगठन व समाज को मजबूत बनाने का कार्य करना चाहिए तथा कायस्थों को हर क्षेत्र में बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग भी करना चाहिए इससे समाज मे हमारी भागीदारी बढ़ेगी उपरोक्त बाते शहर के सिपाह में आयोजित कार्यकारिणी घोषित बैठक में उपस्थित स्वजातीय बंधुओ को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिवध्जिलाध्यक्ष जौनपुर राकेश श्रीवास्तव ने कही।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त जी के पूजन आरती से हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कायस्थ समाज की विकास व एकजुटता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कार्यकारिणी के समस्त पदो का एक–एक कर घोषणा की, महासचिव ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर शुभकामनाए दी। घोषित कार्यकारिणी में वरिष्ठ संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव, संरक्षक डा. एनके सिन्हा, संरक्षक राजकपूर श्रीवास्तव, संरक्षक एससी लाल,



संरक्षक बाबा धर्मपुत्र अशोक, संरक्षक सरस चंद्र श्रीवास्तव, संरक्षक गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामरतन श्रीवास्तव, संगठन मंत्री शशि श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमित निगम, महासचिव विजय श्रीवास्तव, राजनैतिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ राहुल श्रीवास्तव, शैक्षिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट, वित्त प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव को सर्वसहमति से मनोनीत किया गया।इस अवसर पर अजय आनंद, जय आनंद, दयाशंकर निगम, आशीष श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव चुम्मन, सुधीर अस्थाना को जिला उपाध्यक्ष तथा प्रमोद दादा, दिनेश चंद्र, राकेश चुन्नू, सचिन श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव चौकिया, राजेश श्रीवास्तव वेस्टीज को सर्वसहमति से जिलामंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज के वरिष्ठ एवं युवा लोग उपस्थित रहे, कार्यक्रम उपरांत धन्यवाद ज्ञापन राजनैतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव ने किया, कार्यक्रम का संचालन महासचिव संजय अस्थाना ने किया ।

# 18 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य किया जाएगा स्वास्थ्य मेले का आयोजन

जौनपुर (सू0वि) : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने अवगत कराया है कि ''आजादी का अमृत महोत्सव'' अंतर्गत समस्त ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन 18 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेलों के आयोजन हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा साथ ही अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित सेवाओं को उपलब्ध कराते हुए जन समुदाय को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी, जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न सेवाएं जैसे मातृ शिशु कल्याण, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी एवं गैर संचारी रोगों से संबंधित सेवाएं प्रदान करना एवं प्रचार प्रसार करना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाना, मेले में उपस्थित लोगों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य आईडी कार्ड बनाने की सुविधा देना, स्वस्थ्य रहने के लिए उच्चतम स्वास्थ्य एवं उचित व्यवहार अपनाने के लिए प्रचार प्रसार, रोगों की शीघ्र पहचान हेतु स्क्रीनिंगध्परीक्षण, औषधि एवं जांच सुविधा के साथ आवश्यकतानुसार संबंधित विशेषज्ञ से टेली कंसलटेंसी प्रदान करना एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक करना है।

इसीप्रकार ब्लाक महाराजगंज में मंडल अध्यक्ष भाजपा यादवेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक मछलीशहर में माननीय सांसद बीपी सरोज, मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज जयसवाल, 19 अप्रैल को ब्लॉक धर्मापुर में माननीय सांसद बीपी सरोज, माननीय एमएलसी बृजेश कुमार सिंह, ब्लॉक करंजकला में माननीय राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, ब्लॉक सिकरारा में ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा अजय मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, 20 अप्रैल 2022 को ब्लॉक केराकत में माननीय सांसद बीपी सरोज, ब्लाक रामपुर में माननीय विधायक आरके पटेल, ब्लॉक डोभी में माननीय सांसद बीपी सरोज, 21 अप्रैल 2022 को ब्लॉक मुंगराबादशाहपुर में माननीय सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शिव गोविंद साहू, ब्लॉक सुजानगंज में माननीय सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, 22 अप्रैल 2022 को ब्लॉक सिरकोनी में माननीय सांसद बीपी सरोज, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृज नारायण दुबे, ब्लॉक जलालपुर में माननीय सांसद बीपी सरोज, ब्लाक बरसठी में ब्लाक प्रमुख श्रीमती अनीता सुरेंद्र शुक्ला, 23 अप्रैल 2022 को ब्लॉक मड़ियाहूं में माननीय विधायक डॉ आर के पटेल, ब्लॉक बक्सा में माननीय विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुशील उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह, जिला मंत्री भाजपा अभय राय, ब्लॉक मुफ्तीगंज में सदस्य भाजपा अलोक राय, ब्लाक रामनगर में पूर्व ब्लाक प्रमुख अरविंद सिंह, ब्लॉक सोंधी में प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय उद्योग एवं व्यापार मंच विजय सिंह विद्यार्थी, ब्लॉक खुटहन में ब्लाक प्रमुख खुटहन बृजेश कुमार यादव, ब्लॉक सुईथाकला में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती तारा देवी, मंडल अध्यक्ष भाजपा हृदय नारायण शुक्ला की उपस्थिति में आयोजन किया जाएगा।

# आबादी की भूमि पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट : मुकदमा दर्ज

अयोध्या(डा. आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) : लोगो के आरोप के मुताबिक जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के अछोरा गांव में पुलिस की लापरवाही ने दो पक्षों में खून खराबा करा दिया है।लोगों के मुताबिक आबादी भूमि पर कब्जेदारी विवाद की शिकायत कि पुलिस ने अनदेखी की।आखिरकार इस पर कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। सूत्र के सूत्र के मुताबिक इस मारमीट में लगभग आधा दर्जन घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।पुलिस के मुताबिक अब दोनों पक्षों से तहरीर लेकर गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।मालूम हो कि जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अछोरा गांव के पूरे राम प्रसाद पांडे निवासी विजय प्रकाश पुत्र त्रिलोकीनाथ एवं उनके परिवार के आधा दर्जन लोगों का बुजुर्गों के जमाने से प्राचीन आबादी की भूमि पर कब्जा बना हुआ है, जिसमें उनके छप्पर पशुशाला बने हुए हैं। इन दिनों विजय प्रकाश छप्पर बनाने की सामग्री न मिल पाने के चलते छप्पर की पशुशाला पर टिन सेड बनाना शुरू किया था। यह बात गांव के कुछ लोगों को नागवार लगी और वह विजय प्रकाश के परिवारी जनों के कब्जे वाली भूमि पर अवैध कब्जा करने पहुंच गए थे। पीड़ित विजय प्रकाश ने 112 डायल करके इनायत नगर पुलिस से भी की थी। मामला प्रभारी निरीक्षक अमरजीत के संज्ञान में पहुंचने के बावजूद भी उन्होंने प्रभावी कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझा।वही लोगों के मुताबिक जिसके चलते अवैध कब्जा करने पहुंचे लोगों ने विजय प्रकाश सहित उनके परिवारी जनों को दौड़ा–दौड़ा कर घर में घुसकर पीटा। हमले में वेद प्रकाश, विजय प्रकाश, अंकित, राहुल और अमित को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची इनायत नगर पुलिस ने आनन–फानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया जहां हालत नाजुक देख अस्पताल के डॉक्टरों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।इस मामले में पीड़ित इंद्र प्रकाश पुत्र जयनारायण की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों चंद्रप्रकाश, दिलीप कुमार, अजय कुमार, अरविंद कुमार एवं रमाकांत के विरुद्ध पुलिस न मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी पक्ष के लोगों को भी मारपीट में मामूली चोटें आई हैं। हालांकि पुलिस ने उनका भी मेडिकल परीक्षण कराते हुए क्रॉस एफ आई आर दर्ज किए जाने हेतु तहरीर प्राप्त कर ली है।

# चौदह वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या।(डा. आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र में एक चौदह वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।इस घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को पीएम को भेजा है।मिली जानकारी के मुताबिक जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरायं गांव निवासी रसीद अपनी पत्नी के साथ गुरुवार की सुबह बकरी चराने खेत गए थे और उनकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी तभी गांव के ही किसी व्यक्ति ने जाकर सूचना दी कि तुम्हारी लड़की ने फांसी लगा ली है।यह सूचना मिलते ही पति पत्नी तत्काल घर पहुंचे तो बेटी को फांसी पर लटकते देख कर माता पिता के होश उड़ गए।घटना की जानकारी रसीद व ग्रामीणों ने पटरंगा पुलिस को दी।इस घटना की सूचना मिलते ही पटरंगा थाना की हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव तत्काल अपने हमराहियों के साथ मौके पहुंचकर छत से लटक रहे बालिका के शव को नीचे उतरवाकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।इस सम्बंध में हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया वृहस्पतिवार की सुबह लगभग नौ बजे ग्राम पुरायं निवासी रसीद की 14 वर्षीय पुत्री सोनी ने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।आत्महत्या के कारणों का अभी कोई पता नहीं चला है।चौकी प्रभारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु के सही कारणों का पता चलेगा उन्होंने बताया परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# किसान को गोली मारने के मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के थाना महाराजगंज अंतर्गत पुलिस चौकी पूरा बाजार इलाके के ग्राम डहरिया विबियापुर रसूलाबाद निवासी किसान छेदी प्रसाद यादव को 13 अप्रैल 22 की सुबह दो अज्ञात बाइक सवारों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा है।लेकिन वारदात के दूसरे दिन भी पुलिस किसी भी नतीजे पर पहुंच नहीं सकी है। किसान क्यों गोली का शिकार हुआ इस बात की चर्चा गांव सहित पूरे इलाके में है हालांकि पुलिस कुछ संदिग्धों पर नजर बनाए हुए हैं और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही हैं।एसएचओ महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक घनश्याम यादव पुत्र छेदी प्रसाद यादव की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 307 में केस दर्जकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ संदिग्ध लोगों पर नजर है। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश हो जाएगा। घनश्याम यादव पुत्र छेदी प्रसाद यादव ने बताया कि उनके पिता के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।विवेचक चौकी प्रभारी पूरा बाजार राम अवतार राम ने बताया कि अभियुक्तों तक पहुंचने के लिए सर्विलांस का भी सहारा लिया जा रहा है तथा प्रत्येक पहलुओं पर नजर रखी जा रही है।

# बाइक सवार को बचाने में खंभे से भिड़ी कार, एक की मौत : तीन घायल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)लंखनऊ–गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि वाहन पर सवार परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह हादसा कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज इलाके में हुआ।इस हादसे के बारे में बताया गया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली दरवाजा मोहल्ला निवासी एक परिवार कार से किसी काम से गुरूवार को राजधानी लखनऊ गया हुआ था।लखनऊ में कामधाम निपटने के बाद परिवार के लोग कार से वापस अयोध्या आ रहे थे। इसी दौरान कार सवार रात साढ़े 10 बजे जैसे ही कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज इलाके में पहुंचे कि अचानक एक बाइक सवार सामने आ गया। बाइक सवार को बचने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित खंभे से जा टकराई। हादसे में कार सवार सभी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की जानकारी पर स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी घायलों के शुभचिंतकों को दी और मौके पर पहुंचे पड़ोसियों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। रात लगभग पौने 11 बजे जिला अस्पताल लाये जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डा. आशीष पाठक ने 40 वर्षीय महिला बीना श्रीवास्तव पुत्री वीरेंद्र नाथ खरे निवासी दिल्ली दरवाजा को मृत घोषित कर दिया जबकि घायलों इन्हीं के परिवार की बहन 52 वर्षीय पुष्प खरे पुती नरेन्द्रनाथ खरे, 44 वर्षीय मनीष श्रीवास्तव पुत्र सुरेश चंद्र श्रीवास्तव और 18 वर्षीय आदिति पुत्री मनीष श्रीवास्तव को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मृतका बीना के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिये मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया गया है। वहीं कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि वह उपराष्ट्रपति की सुरक्षा ड्यूटी में हैं। उनको अभी हादसे की जानकारी नहीं है।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश वर्मा जी का जनपद में आगमन

जौनपुर ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश वर्मा जी के जनपद आगमन पर पॉलिटेक्निक चौराहा पर भाजपा के नगर अध्यक्ष दक्षिणी अमित श्रीवास्तव व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वागत किया गया स्वागत उपरांत राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश वर्मा का पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित एक होटल पर कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर व नगर अध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश वर्मा जी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि हिंदुस्तान युवाओं का देश है विश्व में युवाओं की आबादी 700 करोड़ है इसमें चाइना और इंडिया को मिलाकर 45 पर्सेंट आबादी है अगर वर्ल्ड में यंग जनरेशन में किसी काम को करने की क्षमता है तो वह भारत के पास है। भारत के प्रधानमंत्री जब बाहर



जाते हैं इन्हीं130 करोड़ भारतीय को और इन्हीं चीजों को सामने रखकर कहते हैं कि आने वाले समय में विश्व को कोई सेवा व सर्विस दे सकता है तो वह भारतीय है। इस दिशा में हम लोगों ने बहुत बड़ा कदम उठाया है हमारी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीती 2020 लागू कर दिया है इस नीति के तहत समाज के अंतिम विद्यार्थी व अंतिम टीचर जो मूल सुविधाओं से वंचित था । उनको लाभ मिलेगा ।प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव , राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्राभार के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, श्रीकांत श्रीवास्तव, सीमा तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव ,जटाशंकर, शिवब्रत मौर्य ,उमेश श्रीवास्तव, आशीष तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# यूपी के कोटेदारों को ठेकेदारों के राशन घटतौली से मिलेगी मुक्ति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) योगी सरकार कोटेदारों के लिए शीघ्र खुश खबरी का बड़ा तोफा लेकर आ रही है।पहले सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कोटेदारों को बांटे जाने वाले खाद्यान को ठेकेदारों के माध्यम से खाद्य निगम के गोदामो से उठवाकर पहले ब्लाक स्थित खाद्य एवं रसद विभाग के विपणन शाखा की गोदामो तक पहुँचाया जाता था।जिसमे कोटेदारों को आपूर्ति किये जाने वाले राशन में प्रायः अनाज घटतौली किये जाने की लगातार शिकायत सरकार को मिल रही थी।सूत्र के मुताबिक अब इसके लिए सरकार राशन दुकानों तक अनाज पहुँचाने के लिए अब सिंगल स्टेज डोर स्टेप की व्यवस्था लागू करने जा रही है।इस योजना के तहत भारतीय खाद्य निगम एफसीआई के गोदामो से सीधे अनाज राशन दुकानों तक पहुचायेगी।सरकार के इस फैसले से राशन दुकानों के अनाज की घटतौली व कालाबाजारी से कोटेदारों को राहत मिलेगी।

# पांच लोगों का शांति भंग की धारा में पुलिस ने किया चालान

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के मवई थाना क्षेत्र के ग्राम नौगवाडीह में चार तथा ग्राम चंद्रामऊ मंगा में एक व्यक्ति को शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।इस संबंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक आरसी यादव ने बताया कि ग्राम नौगवाडीह में शिवराम श्रीवास्तव तथा कपूर चंद शुक्ला के बीच जमीनी विवाद चल रहा था।बुधवार को दोनों पक्ष आपस मे भिड़ गये।इस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के शिवराम श्रीवास्तव व राम प्रकाश श्रीवास्तव तथा दूसरे पक्ष के कपूर चंद शुक्ला व फूलचंद शुक्ला को थाने पकड़ लायी।एसएसआई ने बताया कि ग्राम चंद्रामऊ मंगा में फैयाज अहमद पुत्र शाहिद को विवाद करने के कारण पुलिस थाने ले आयी।आरसी यादव ने बताया कि सभी पांचों लोगों को शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया।

# ग्राम पंचायत कार्यकाल एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम प्रधान हुये सम्मानित

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के विकासखंड सोहावल क्षेत्र के रामनगर धौराहरा मे ग्रामीणों के द्वारा ग्राम प्रधान को सकुशल कार्य करने के लिए उनको लोगों ने सम्मानित किया।इस मौके पर सम्मानित ग्राम प्रधान रामनगर धौराहरा योगेंद्र कुमार सिंह फौजी ने बताया कि एक वर्ष में संपूर्ण ग्राम सभा को विकास किया गया।ग्राम प्रधान ने बताया कि हमारे द्वारा 800 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण ग्यारह सौ मीटर पक्की नाली निर्माण 2 किलोमीटर कच्ची सड़क की पटाई तथा प्राथमिक विद्यालय खुर्द में बाउंड्री वाल एवं शौचालय निर्माण कमपोजिट विद्यालय रामनगर धौराहरा में बाउंड्री वाल दिव्यांग शौचालय जर्जर पंचायत भवन की मरम्मत का कार्य किया गया।इसी कड़ी में समाजसेवी मायाराम यादव ने बताया कि जिस तरह से ग्राम प्रधान के द्वारा एक वर्ष में विकास कार्य किया गया है इतना काम कभी इस ग्राम सभा में नहीं किया गया है ग्राम प्रधान जोगिंदर सिंह ने बताया कि बचे हुए कार्यकाल में लोगों को उच्च शिक्षा गरीबों को पेंशन पक्का आवास पेयजल तथा कृषि योग्य भूमि को पट्टा देना मुख्य प्राथमिकता होगी।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुड्डू दुबे बीडीसी सदस्य सुधीर त्रिपाठी समाजसेवी सुनील सिंह समाजसेवी कमल दत्त मिश्रा कुबेर दत्त मिश्रा पूर्व वीडीसी अमरेश सिंह सहदेव रावत रंजय सिंह शोभित राम यादव काशीराम रामगोपाल आदि लोगों ने ग्राम प्रधान को माला पहनाकर सम्मानित किया।

# मुख्यमंत्री बेहद गम्भीरता से कर रहे विभागीय समीक्षा

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में सभी विभागों की समीक्षा बैठक विभागीय प्रेजेंटेशन देखकर कर रहे हैं। बैठक के दौरान जिस विभाग की समीक्षा होती है उस विभाग के मंत्री द्वारा आगामी 100 दिन के प्रस्तावित कामों के एजेंडे को प्रस्तुत करना रहता है। सम्बंधित विभाग के अलावा अन्य विभागों के मंत्रीगण भी यह प्रस्तुतिकरण देखते हैं। तथा अपने विभाग की जरूरतों के अनुसार सुझाव देते हैं।इस कड़ी में आज शुक्रवार को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग का प्रेजेंटेशन है जिसके लिए सभी मंत्रीगण एनेक्सी सचिवालय में पहुंच रहे हैं, मुख्यमंत्री योगी भी बैठक में पहुंच चुके हैं इसके बाद विभागीय प्रस्तुतिकरण होगा। इस प्रकार योगी सरकार – 2 का पूरा मंत्रिमंडल अपने आगामी कार्यों का एजेंडा मुख्यमंत्री की मौजूदगी में तय कर रहा है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।